दिन– शुक्रवार　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 28 / 06 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः–8.48 बजे से।　　　　　　　　　　　　　　　　　　　　अवधि– 15 मिनट

---

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर संसद के दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा आज शुरू होगी।

02. सीबीआई ने नीट–यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के मामले में पटना से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। सिपाही बहाली परीक्षा पेपर लीक मामले में भी ईओयू ने की चार आरोपियों की गिरफ्तारी।

03. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा – बिहार के सरकारी विद्यालयों के नियोजित शिक्षकों को नियमों के अनुसार सक्षमता परीक्षा देनी होगी।

04. और, मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण और गोपालगंज जिले में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी।

**अब समाचार विस्तार से.........**

---

संसद के दोनों सदनों में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर आज चर्चा आज शुरू होगी। परंपरा और संसदीय प्रक्रिया के अनुसार राज्यसभा और लोकसभा में अलग–अलग धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया जाता है। अठारहवीं लोकसभा के गठन के बाद यह संसद का पहला अधिवेशन है। इससे पहले कल संसद की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुये राष्ट्रपति ने सरकार की प्राथमिकताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि दस वर्षों में देश ग्यारहवीं से पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है। उन्होंने कहा कि सरकार भारत की अर्थव्यवस्था को विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने के लिए काम कर रही है। राष्ट्रपति ने कहा कि सरकार पेपर लीक की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि सरकार परीक्षा–संबंधित निकायों, उनके कामकाज और परीक्षा प्रक्रिया के सभी पहलुओं में बड़े सुधारों की दिशा में प्रयासरत है।

–––बाईट–––

---

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो–सीबीआई ने नीट–यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के मामले में पटना से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। इस मामले में सीबीआई ने पहली बार गिरफ्तारी की है। इस बीच जांच एजेंसी ने बेउर जेल पहुंचकर आरोपी बलदेव कुमार उर्फ चिन्टू और मुकेश को पूछताछ के लिए रिमांड पर ले लिया है। वहीं, पटना स्थित सीबीआई की विशेष अदालत ने जांच एजेंसी को जेल में बंद सभी आरोपियों से पूछताछ की अनुमति दे दी है। ब्योरा हमारे संवाददाता से––

–––बाईट–––

इससे पहले आर्थिक अपराध इकाई – ईओयू ने प्रश्न पत्र लीक कांड का भांडाफोड़ किया था। ईओयू ने दावा किया था एक अंतरराज्यीय संगठित आपराधिक गिरोह ने झारखंड के हजारीबाग से नीट अंडर ग्रेजुएट परीक्षा के प्रश्न पत्र लीक किये थे और उसे कई स्थानों पर संदिग्ध अभ्यर्थियों तक प्रवेश परीक्षा के पहले पहुंचाया था। गुप्त सूचना के आधार पर ईओयू ने पांच मई को पटना के खेमनीचक स्थित एक बंद स्कूल में छापेमारी कर अधजले प्रश्न पत्र प्राप्त किये थे । इसके बाद कुछ प्रश्न पत्रों के हिस्से को हजारीबाग स्थित परीक्षा केंद्र के प्रश्नों से मिलान किया गया था जो हू ब हू मिल गये थे। जांच का कार्य अपने हाथ में लेने के बाद सीबीआई ने कल दो आरोपियों बालदेव कुमार उर्फ चिंटू और मुकेश कुमार को पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया था । अभी तक इस मामले में बिहार से 17 गिरफ्तारियां हो चुकी हैं । धर्मेन्द्र कुमार राय, आकाशवाणी समाचार, पटना।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

आर्थिक अपराध इकाई ने बिहार पुलिस की सिपाही नियुक्ति परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार इसमें तीन आरोपी पश्चिम बंगाल और एक उत्तर प्रदेश का है। जांच एजेंसी ने सभी गिरफ्तार आरोपियों को अदालत में पेश कर रिमांड पर ले लिया है। इस मामले में अबतक ईओयू सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी है। गौरतलब है कि राज्य में सिपाही के इक्कीस हजार तीन सौ इक्यानवे पदों पर नियुक्ति को लेकर एक अक्टूबर दो हजार तेईस को दो पालियों में परीक्षा आयोजित की गयी थी। परीक्षा शुरू होने से पहले ही प्रश्नपत्र सोशल मीडिया पर वायरल हो गया था। इसके बाद परीक्षा रद्द कर दी गयी थी।

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने कहा है कि बिहार सरकार परीक्षाओं में अनियमितता रोकने के लिए जल्द ही नया कानून लायेगी। पटना में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा सत्र में केन्द्र सरकार की तर्ज पर इस संबंध में कानून का प्रस्ताव लाया जायेगा।

–––बाईट–––

––––––––––––––––––––––––––––––––––––––––

सर्वोच्च न्यायालय ने कहा है कि बिहार के सरकारी विद्यालयों के नियोजित शिक्षकों को नियमों के अनुसार सक्षमता परीक्षा देनी होगी। न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना और न्यायमूर्ति उज्ज्वल भूयान की अवकाश पीठ ने कहा कि यदि शिक्षक नियमों के अनुसार नहीं चलते हैं, तो उन्हें नौकरी छोड़ देनी चाहिए। परिवर्तनकारी प्रारंभिक शिक्षक संघ और बिहार प्रारंभिक शिक्षक संघ की याचिकाओं को निरस्त करते हुए पीठ ने यह आदेश सुनाया। दोनों ही शिक्षक संघ द्वारा दायर याचिकाओं में सक्षमता परीक्षा रद्द करने की मांग की गयी थी। गौरतलब है कि नई शिक्षक नियमावली के अनुसार नियोजित शिक्षकों को राज्यकर्मी का दर्जा तभी मिलेगा, जब वे सक्षमता परीक्षा पास कर लेंगे।

———————————————————————————

लोकसभा चुनाव में प्रदर्शन की समीक्षा के लिए प्रदेश भाजपा की उच्च स्तरीय बैठक पटना में हुई। इस बैठक में पार्टी के प्रदेश प्रभारी विनोद तावड़े और प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी समेत कई वरिष्ठ नेता शामिल हुए। बैठक में पांच लोकसभा सीटों आरा, औरंगाबाद, पाटलिपुत्र, सासाराम और बक्सर पर हार के कारणों की समीक्षा की गयी।

———————————————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी रविवार को पूर्वाह्न ग्यारह बजे आकाशवाणी पर मन की बात कार्यक्रम में देश – विदेश के लोगों के साथ अपने विचार साझा करेंगे। यह इस मासिक रेडियो कार्यक्रम की एक सौ ग्यारहवीं कड़ी होगी। नरेन्द्र मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री पद संभालने के बाद मन की बात कार्यक्रम का यह पहला एपिसोड होगा। इसे आकाशवाणी के समूचे नेटवर्क, ए आई आर न्यूज वेबसाइट और न्यूज ऑन ए आई आर मोबाइल ऐप पर प्रसारित किया जायेगा।

———————————————————————————

मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी है। पिछले चौबीस घंटों के दौरान राज्य के उत्तर–पश्चिम, उत्तर–पूर्व और उत्तर–मध्य हिस्सों में कई स्थानों पर भारी बारिश हुई है। मौसम विज्ञान केन्द्र, पटना से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्वी चम्पारण जिले के रामनगर में सबसे अधिक एक सौ आठ दशमलव दो मिलीमीटर बारिश हुई है। वहीं, गोपालगंज में इक्यानवे दशमलव चार और सुपौल के बसुआ में पचासी दशमलव छह मिलीमीटर बारिश रिकॉर्ड की गयी। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि मॉनसून की उत्तरी सीमा अभी पटना से होकर गुजर रही है। इसके प्रभाव से अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण और

गोपालगंज जिले में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी जारी की गयी है। वहीं, शेष हिस्सों में हल्की से मध्यम स्तर की बारिश हो सकती है।

———बाईट——

इधर, प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों के दौरान वज्रपात की अलग–अलग घटनाओं में छह लोगों की मौत हो गयी। औरंगाबाद में दो और पूर्वी चंपारण, सीतामढ़ी, वैशाली तथा कैमूर में एक–एक लोगों की मौत की खबर है।

———————————————————————————

नेपाल के जलग्रहण क्षेत्रों में हो रही बारिश के चलते प्रदेश की नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी का सिलसिला जारी है। गंगा, कोसी, महानंदा, बागमती, कमलाबलान और अधवारा समूह की नदियों के जलस्तर में बढ़ोतरी देखी जा रही है। इसके अलावा कई छोटी नदियों के जलस्तर में भी वृद्धि हुयी है। पूर्वी चंपारण में लालबकैया नदी के जलस्तर में बढ़ोतरी से फुलवरिया घाट पर बना डायवर्जन बह गया। इससे पूर्वी चंपारण और सीतामढ़ी जिले के बीच आवागमन प्रभावित हुआ है। इधर, सीतामढ़ी के रून्नीसैदपुर में भरथी गांव के पास बागमती नदी की मुख्यधारा पर निर्मित चचरी पुल पानी के दवाब से बह गया। मुजफ्फरपुर के औराई में बागमती नदी उफान पर है। नदी की दक्षिणी उपधारा में मधुबन घाट पर बना चचरी पुल क्षतिग्रस्त हो गया। इधर, अररिया जिले से होकर गुजरने वाली परमान, बकरा, रतवा और नूना नदी उफान पर है। नदियों का पानी कई निचले इलाकों में प्रवेश कर गया है।

———————————————————————————

टी–ट्वेंटी क्रिकेट विश्व कप का फाइनल मुकाबला कल बारबाडोस में भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच होगा। कल खेले गये सेमीफाइनल के दूसरे मुकाबले में भारत ने इंग्लैंड को अड़सठ रन से हरा दिया है। भारत ने निर्धारित बीस ओवर में सात विकेट के नुकसान पर एक सौ इकहत्तर रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की पूरी टीम सोलह ओवर चार गेंद में एक सौ तीन रन ही बना सकी। भारत के लिए अक्षर पटेल और कुलदीप यादव ने तीन–तीन और जसप्रीत बुमराह ने दो विकेट लिए।

———————————————————————————

बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग ने पटना के फुलवारीशरीफ थाना में एक युवक जितेश कुमार की पुलिस हिरासत में हुई मौत पर पीड़ित परिवार को पंद्रह लाख

पचहत्तर हजार रूपये मुआवजा देने का आदेश दिया है। आयोग के अध्यक्ष सेवानिवृत न्यायाधीश ए. एम. बदर ने अपने आदेश में कहा कि तीस दिनों के अंदर क्षतिपूर्ति की राशि दी जाए। समय पर राशि का भुगतान नहीं करने पर बारह प्रतिशत की दर से ब्याज देना होगा। अध्यक्ष ने क्षतिपूर्ति की राशि दोषी पुलिसकर्मियों से वसूलने का एसएसपी को निर्देश दिया है। गौरतलब है कि इस वर्ष इकतीस मार्च को युवक जितेश कुमार की पुलिस हिरासत में मौत हो गयी थी।

———————————————————————————

स्वास्थ्य विभाग ने सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी चार हजार पांच सौ पदों के लिए आवेदन आमंत्रित किये हैं। ये नियुक्ति संविदा पर होगी। बीएससी नर्सिंग पास अभ्यर्थी एक जुलाई से इक्कीस जुलाई तक आवेदन कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी राज्य स्वास्थ्य समिति की वेबसाईट एसएचएस डॉट बिहार डॉट जीओवी डॉट आइएन पर उपलब्ध है।

———————————————————————————

उत्तर और दक्षिण बिहार को जोड़ने वाले राजेन्द्र सेतु पर निर्माण कार्य के कारण आज रात दस बजे से कल सुबह छह बजे तक सेतु के सड़क मार्ग पर सभी तरह के वाहनों का परिचालन बंद रहेगा।

———————————————————————————

सीतामढ़ी जिले के बैरगनिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने मोटरसाईकिल चोर गिरोह के चार सदस्यों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से चोरी की छह मोटरसाईकिल भी बरामद की गयी है।

———————————————————————————

अखबारों की सुर्खियां

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

**हिन्दुस्तान** ने राष्ट्रपति के अभिभाषण को प्रमुखता देते हुए लिखा है– पेपर लीक के दोषी बख्शे नहीं जायेंगे।

**दैनिक जागरण** की सुर्खी है– सीबीआई ने नीट पेपर लीक मामले में दो को किया गिरफ्तार।

**प्रभात खबर** ने सुप्रीम कोर्ट के आदेश को प्रमुखता देते हुए लिखा है– योग्यता परीक्षा में शामिल हों नियोजित शिक्षक या नौकरी से बाहर जायें।

**दैनिक भास्कर** ने लिखा है– अक्टूबर के तीसरे हफ्ते में होगा झारखंड विधानसभा चुनाव।

**राष्ट्रीय सहारा** और **आज** समेत सभी समाचार पत्रों ने टी–ट्वेंटी के सेमीफाइनल में भारत की जीत और मौसम से जुड़ी खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर

01. राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के अभिभाषण पर संसद के दोनों सदनों में धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा आज शुरू होगी।
02. सीबीआई ने नीट–यूजी परीक्षा में कथित अनियमितताओं के मामले में पटना से दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। सिपाही बहाली परीक्षा पेपर लीक मामले में भी ईओयू ने की चार आरोपियों की गिरफ्तारी।
03. सर्वोच्च न्यायालय ने कहा – बिहार के सरकारी विद्यालयों के नियोजित शिक्षकों को नियमों के अनुसार सक्षमता परीक्षा देनी होगी।
04. और, मॉनसून की सक्रियता से प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में बारिश का सिलसिला जारी। अगले अड़तालीस घंटों के दौरान पूर्वी चंपारण, पश्चिम चंपारण और गोपालगंज जिले में एक या दो स्थानों पर भारी बारिश की चेतावनी।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।